राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 45 / 2022 दिनांकः– 07 फरवरी, 2022

सेवा में

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़

विषयः– राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत ही है कि उत्तर प्रदेश शासन विधायी विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना सं0 2242 / 79–वि–1–19–1(क)17–19 दिनांक 27 दिसम्बर, 2019 द्वारा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की स्थापना की गई तथा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या 611 / सत्तर–1–2021–16 (74) / 2018टी0सी0 दिनांक 28 अप्रैल, 2021 में अंकित किया गया कि **"इस अधिसूचना के जारी किये जाने के पश्चात् उक्त दिनांक से राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की अधिकारिता के अधीन आच्छादित समस्त जिलों के महाविद्यालय, इस विश्वविद्यालय से स्वतः सम्बद्ध हो जायेगें।"** उक्त के अनुसार जनपद अलीगढ़, एटा, कासगंज एवं हाथरस में स्थित महाविद्यालय राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से सम्बद्ध हो गये हैं।

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ का अस्थायी कार्यालय, जिलाधिकारी, अलीगढ़ द्वारा आबंटित सिचाई विभाग **(अधीक्षण अभियंता, अनुसंधान एवं नियोजन, निकट थाना सिविल लाईन, अलीगढ़)** के कार्यालय में दिनांक 07 फरवरी, 2022 से प्रारम्भ हो गया है। विश्वविद्यालय का ईमेल registrar.rmpu@gmail.com, एवं फोन नं0 7017836228 है।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
2. कुलपति, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. मण्डलायुक्त, अलीगढ़ मण्डल।
4. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
6. जिलाधिकारी, अलीगढ़।
7. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ।
8. पुलिस उप महानिरीक्षक, अलीगढ़ परिक्षेत्र।
9. वित्त अधिकारी, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
10. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़।
11. श्री कैलाश बिन्द, सहा0 कुलसचिव, डॉ0 भीमराव आंबेडकर, विश्वविद्यालय, आगरा सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
12. गार्ड फाइल।

कुलसचिव
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय
अलीगढ

कुलसचिव

Scanned with CamScanner